हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

तेरहवां सत्र

लिखित उत्तर हेतु स्थगित प्रश्न

शनिवार, 21 नवम्बर, 2026/30, कार्तिक, 1948 (शक्)

[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री].

कुल प्रश्न - 3

रोज़गार सृजन

1909 **श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितने युवाओं को सरकारी रोज़गार, कौशल विकास एवं स्वरोज़गार योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित किया गया; ब्यौरा दें?

धनराशि

1912 **श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश सरकार को विभिन्न मदों/योजनाओं के तहत उपलब्ध करवाई गई धनराशि का मदवार व वर्षवार ब्यौरा

दें;

(ख) केंद्र सरकार से प्राप्त धनराशि में से प्रदेश सरकार द्वारा कितनी धनराशि किस-किस मद/योजना के तहत व्यय की गई तथा कितनी अभी शेष/लंबित है; विभागवार व वर्षवार ब्यौरा दें; और

(ग) प्राप्त धनराशि में से कितनी का उपयोग नहीं किया गया तथा इसके क्या कारण हैं; शेष धनराशि के उपयोग की प्रस्तावित योजना एवं समय-सीमा का ब्यौरा दें?

व्यय

1922 **श्री दीप राज (करसोग):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश सचिवालय में माननीयों के कार्यालयों हेतु कितनी धनराशि व्यय की गई; मुख्य मंत्री, मंत्रियों व अन्य राजनीतिक सलाहकारों एवं निगम, बोर्डों के कार्यालयों का ब्यौरा नाम एवं धनराशि सहित दें?

शिमला: 171004. **यशपाल शर्मा,**

17 नवम्बर, 2026. **सचिव**